
# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गतजिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति सहारनपुर की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति दिनांक 28.07.2023 को आयोजित बैठक का

## कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक दिनांक 28.07.2023 को जिलाधिकारी सहारनपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

| | |
|---|---|
| 1–मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर | (सदस्य) |
| 2–जिला विकास अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 3–प्रभागीय निदेशक एवं वनीकी प्रभाग सहारनपुर अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य। | (सदस्य) |
| 4–जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 5–जिला कृषि अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 6–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 7–जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 8–अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 9–अधिशासी अभियन्ता,वाटर रिर्सोसेज/सिंचाई सहारनपुर। | (सदस्य) |
| 10–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सहारनपुर। | सदस्य सचिव |
| 11–श्री प्रमोद मार्या, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0) | फर्म प्रतिनिधि |
| 12–श्री सचिन कुमार, मै0 गायत्री, रैमकी जे0वी0 सहारनपुर | फर्म प्रतिनिधि |
| 13–श्री विनीत अग्रवाल, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 सहारनपुर | फर्म प्रतिनिधि |

उक्त के साथ बैठक में श्री किरत सिंह, मा0 विधायक, विधान सभा गंगोह, श्री देवेन्द्र निम, मा0 विधायक, विधान सभा रामपुर मनिहारन, श्री आशु मलिक, मा0 विधायक, विधान सभा सहारनपुर देहात एवं श्री उमर अली खान, मा0 विधायक, विधान सभा बेहट सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहें।





अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर द्वारा अवगत कराया गया है किजल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फेज–2 हेतु मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को चयनित किया गया है तथा फेज–3 हेतु फर्म मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को चयनित किया गया है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा फेज–2 एवं फेज–3 के अन्तर्गत कुल 1105 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये जा चुके है जिनमें फर्म मैसर्स गायत्री रैमकी (जे0वी0) को 571 नग राजस्व ग्राम एवं फर्म मैसर्स एन0के0जी0 प्राईमस (जे0वी0) को 534 नग राजस्व ग्राम आवंटित है।वर्तमान तक 1105 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु 706 नग डी0पी0आर0 विरचित कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति से संस्तुति/स्वीकृति उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 706 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (SLSSC) से स्वीकृत की जा चुकी है। 706 नग योजनाओं के सापेक्ष 685 नग (1071 राजस्व ग्राम) योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण करते हुये 685 नग (1071 राजस्व ग्राम) कवर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। शेष 21 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा हस्ताक्षर नही किये जाने के फलस्वरूप लम्बित है, जिसके सम्बन्ध में पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रेषित किया जा चुका है। **बैठक में उपस्थित समस्त ग्राम पंचायत सचिवों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अवशेष योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाये।** 685 नग कवर अनुबन्ध गठन के सापेक्ष 474 नग (753 नग राजस्व ग्राम) योजनाओं में नलकूप बोरिंग का कार्य प्रारम्भ करते हुये अन्य कार्य यथा गृह संयोजन, वितरण प्रणाली बिछाना, पम्प हाउस बाउन्ड्रीवॉल के कार्य, अवर जलाशय एवं सडक पुर्नस्थापना के कार्य कराये जा रहे है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/जिला पंचायत राज अधिकारी/समसत ग्राम विकास अधिकारी/समस्त ग्राम पंचायत सचिव/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

1. सभी ग्राम सचिवों को हर घर कनैक्शन सत्यापन एवं वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोडी गयी सडकों की सूचना संकलित कर प्रेषित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्यवाही समस्त ग्राम पंचायत सचिव)**

2. गृह संयोजनों व बोरिंग मशीनों की संख्या बढाने एवं निर्माण सामग्री की टैस्टिंग कराने हेतु सम्बन्धित फर्मो को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

3. जनपद में कार्यरत निर्माण फर्मो को मैन पावर बढाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा नोटिस देने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

4. श्री आशु मलिक, मा0 विधायक, विधान सभा सहारनपुर देहात द्वारा हरियाबांस एवं बेहडा खुर्द के ग्राम प्रधान से मिलकर पेयजल योजना के निर्माण में अधूरे कार्यो की जानकारी एकत्र कर उन्हे शीघ्र पूर्ण करने हेतु कहा गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

5. श्री उमर अली खान, मा0 विधायक, विधान सभा बेहट द्वारा ग्राम मौहिददीनपुर में पेयजल योजना के निर्माण कार्य शुरू करने हेतु कहा गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

6. विधान सभा वार कार्य की प्रगति रिपोर्ट समस्त विधायकगणों को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

7. विवादित भूमि प्रकरणों का निस्तारण 15 दिन के भीतर किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम एवं समस्त उपजिलाधिकारी जनपद सहारनपुर)**

8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि किसी भी दशा में गृह संयोजन शौचालय के निकट न दिये जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

9. श्री उमर अली खान, मा0 विधायक, विधान सभा बेहट द्वारा फैजाबाद पेयजल योजना की मोटर क्षमता बढाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि फैजाबाद पेयजल योजना ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित है जिसकी मोटर की क्षमता बढाये जाने की कार्य के प्रति जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अभियन्ता को संयुक्त रूप से बैठक कर निष्कर्ष हेतु निर्देशित किया गया है।

10. श्री आशु मलिक, मा0 विधायक, विधान सभा सहारनपुर देहात द्वारा 10 योजनाओं की सूची जिनमें योजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं उनका निरीक्षण कर कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

11. जिलाधिकारी महोदय द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो की प्रगति की सूचना वास्तविक स्थलीय सूचना के अनुरूप न होने के कारण सम्बन्धित सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता को चेतावनी नोटिस जारी करने हेतु कहा गया निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी)**

12. श्री किरत सिंह, मा0 विधायक, विधान सभा गंगोह द्वारा कहा गया कि किसी भी योजना की सडक को जे0सी0बी0 मशीन द्वारा न खोदा जाये, बल्कि कटर मशीन से काटा जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

13. श्री देवेन्द्र निम, मा0 विधायक, विधान सभा रामपुर मनिहारन द्वारा पेयजल योजना जन्धेडा समसपुर से ग्राम में पेयजल आपूर्ति करने हेतु कहा गया एवं अपने विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत पूर्व निर्माणाधीन 11 पेयजल योजनाओं की प्रगति की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

14. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारियों को सम्बन्धित ग्राम में निरन्तर भ्रमण करते हुये पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारी)**

15. जनपद में कार्यरत फर्मो के उच्चाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

16. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक दिनांक 20.08.2023 से दिनांक 25.08.2023 के मध्य दिनांक एवं स्थान निर्धारित कराते हुये आहूत की जायें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

17. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि योजनाओ के उद्घघाटन/शिलान्यास पर मा0 जन प्रतिनिधिगणों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

18. श्री उमर अली खान, मा0 विधायक, विधान सभा बेहट द्वारा ग्राम मौहिददीनपुर में पेयजल योजना के निर्माण हेतु चयनित भूमि की गलत एवं भ्रामक सूचना देने पर सम्बन्धित फर्म को नोटिस देने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

19. समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं में मोटर पम्प लोअर करते हुये टैस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनमे नियमित पेयजल आपूर्ति की जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

20. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओ में सडक पुर्नस्थापना एवं मोटर पम्प लोअर करते हुये पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गयी है उनकी सूची शीघ्र अतिशीघ्र मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायी जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

21. समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि गृह संयोजनों को Grout कर स्टैण्ड पोस्ट बनाया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

22. पूर्व में फर्म द्वारा 36 नग विवादित भूमि की सूचना समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी परन्तु फर्म द्वारा दिनांक 28.07.2023 की बैठक में 134 नग विवादित भूमि की सूचना दी गयी जिस पर समिति द्वारा नाराजगी प्रकट की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर 134 नग विवादित भूमि की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुये एवं समसत उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विवादित भूमि का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से कर लिया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/समस्त उपजिलाधिकारी)

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बैठक का समापन किया गया।

| क्र0सं0 | सदस्य | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य विकास अधिकारी | [signature] |
| 2 | जिला विकास अधिकारी | [signature] |
| 3 | प्रभागीय वनाधिकारी स्वंय अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य | |
| 4 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी | |
| 5 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | [signature] प्रतिनिधि D.C. Civil |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता वाटर ~~रिसोर्सेस~~/~~सिंचाई~~ PWD | [signature] (प्रतिनिधि) EE, PWD, 3rd |
| 7 | जिला कृषि अधिकारी | [signature] |
| 8 | जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी | [signature] |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण सहारनपुर | [signature] |
| 10 | सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रतिनिधि | [signature] JE |

[signature]
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
सहारनपुर।

[signature]
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
सहारनपुर।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

3–संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

4–मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।

5–मुख्य अभियन्ता (मे0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मेरठ।

6–मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर।

7–अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर।

8–जिला विकास अधिकारी, सहारनपुर।

9–जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहारनपुर।

10–प्रभागीय वन अधिकारी, सहारनपुर।

11–अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग सहारनपुर।

12–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।

[signature]

13–जिला कृषि अधिकारी, सहारनपुर।

14–जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, सहारनपुर।

15–समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद अन्तर्गत।

16–समस्त खण्ड अधिकारी, जनपद अन्तर्गत।

17–टी0पी0आई0 / डी0पी0एम0यू0 सहारनपुर।

18–मै0 मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0 / मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 / मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
सहारनपुर।